# 9th HINDI S.A-2

# NEW MODEL PAPER



## SUMMATIVE ASSESSMENT – 2 (2023-2024)

### SECOND LANGUAGE – HINDI

**CLASS: IX** (MAX.MARKS:100) **TIME: 3hr.15 mints.**

सूचनाएँ - 1. प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।
2. सभी प्रश्नों के जवाब उत्तर पुस्तिका में लिखिए।
3. प्रश्न पत्र में छः भाग हैं।

## भाग–1

**I. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।** **12 x 1= 12**

1. चाँद रात को आता है। चंद्र चाँदनी देता है। (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप पहचानिए)
2. अतिथि धीरे-धीरे धोबी के कपड़े दे रहा है। (क्रिया विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए।)
3. एक हजार पाँच सौ छप्पन - संख्याओं में लिखिए।
4. तट.......एक गुलाब सोचता है। (सही कारक चिह्न पहचानिए।)

| | | |
|---|---|---|
| पर | से | के |

5. **चौराहे** के पास मेरा घर है। (रेखांकित शब्द का समास पहचानिए।)
   i) तत्पुरुष समास ii) द्विगु समास
6. मैं भी औरों की तरह एक पर्वतारोही हूँ। (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए।)
7. **'विज्ञान संबंधी खोज करनेवाला'** - का अर्थ पहचानिए।
   i) अवैज्ञानिक ii) वैज्ञानिक
8. आँखों में तेल डालकर गाँधी जी की गतिविधियों को देखते थे । (मुहावरेदार शब्द पहचानकर लिखिए।)
   i) आँखों में तेल डालना ii) गाँधी जी की गतिविधियों
9. लड़की परीक्षा लिखती है। (लिंग बदलकर फिर से पूरा वाक्य लिखिए।)
10. छात्रा पौधा लगाती है। (वचन बदलकर फिर से पूरा वाक्य लिखिए।)
11. विजय मद्रास जायेगा। (वाक्य को वर्तमान काल में बदलकर लिखिए।)
12. तुम खाना खाते हूँ। (शुद्ध रूप में लिखिए।)

## भाग-2

**II. प्रश्न संख्या 13 से 16 तक दिये गये गद्यांश, पद्यांश पढ़कर निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए।**

**13. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर जवाब अनुच्छेद में पहचानकर लिखिए।** **5 x 1= 5**

यह आघात अप्रत्याशित था और इसकी चोट मार्मिक थी। तुम्हारे सामीप्य की बेला एकाएक यों रबर की तरह खिंच जाएगी, इसका मुझे अनुमान न था। पहली बार मुझे लगा कि अतिथि सदैव देवता नहीं होता, वह मानव और थोडे अंशों में राक्षस भी हो सकता है।

1. 'इक' प्रत्यय वाला शब्द पहचानकर लिखिए ?
2. 'मेहमान' शब्द का अर्थ पहचानकर लिखिए ?
3. 'देवता' शब्द का विलोम शब्द पहचानकर लिखिए ?
4. 'अनु' उपसर्ग वाला शब्द पहचानकर लिखिए?
5. ' यह आघात अप्रत्याशित था' इस वाक्य में सर्वनाम को पहचानकर लिखिए ?

**14.** निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के जवाब विकल्पों से चुनकर लिखिए। **5 x 1= 5**

**गाकर गीत विरह के तटिनी**
**बेगबती बहती जाती है।**
**दिल हलका कर लेने को**
**उपलों से कुछ कहती जाती है।**
**तट पर एक गुलाब सोचता,**
**देते स्वर यदि मुझे विधात,**
**अपने पतझर के सपनों का**
**मैं भी जग को गीत सुनाता।"**

**1. तटिनी कौन से गीत गाती है ?** ( )

**B) खुशी B) सुख C) विरह D) संतोष**

**2. दिल हलका कर लेने को किससे कुछ कहती जाती है ?** ( )

**B) उपलों से B) वेगवती से C) स्वर से D) सपनों से**

**3. एक गुलाब कहाँ सोचता है ?** ( )

**B) उपलों से B) वेगवती से C) स्वर से D) सपनों से**

**4. गुलाब विधाता से क्या माँगता है ?** ( )

**B) सपना B) पतझर C) स्वर D) दिल**

**5. यह पद्यांश किस पाठ से दिया गया है ?** ( )

**B) गीत-अगीत B) पद C) दोहे D) अग्नि पथ**

**15.** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के जवाब एक वाक्य में लिखिए। **5 x 1= 5**

उपनेता प्रेमचंद, जो अग्रिम दल का नेतृत्व कर रहे थे, 26 मार्च को पैरिच लौट आए। उन्होंने हमारी पहली बड़ी बाधा खुंभु हिमपात की स्थिति से हमें अवगत कराया। उन्होंने कहा कि उनके दल ने कैंप एक (6000 मी.), जो हिमपात के ठीक ऊपर है, वहाँ तक का रास्ता साफ़ कर दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि पुल बनाकर, रस्सियाँ बाँधकर तथा झंडियों से रास्ता चिह्नित कर, सभी बड़ी कठिनाइयों का जायजा ले लिया गया है। उन्होंने इस पर भी ध्यान दिलाया कि ग्लेशियर बर्फ़ की नदी है और बर्फ़ का गिरना अभी जारी है।

2. अग्रिम दल का नेतृत्व कौन कर रहे थे ?
2. उनकी पहली बड़ी बाधा कौन-सा हिमपात है ?
4. कैंप-एक कितनी मीटर की ऊपर है ?
4. रास्ते को किससे चिह्नित कर दिया है ?
5. यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है ?

**16.** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के जवाब एक वाक्य में लिखिए । **5 x 1= 5**

रामन् का जन्म 7 नवंबर सन् 1888 को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली नगर में हुआ था। इनके पिता विशाखपत्तनम् में गणित और भौतिकी के शिक्षक थे। पिता इन्हें बचपन से गणित और भौतिकी पढ़ाते थे। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि जिन दो विषयों के ज्ञान ने उन्हें जगत प्रसिद्ध बनाया, उनकी सशक्त नींव उनके पिता ने ही तैयार की थी। कॉलेज की पढ़ाई उन्होंने पहले ए.बी.एन. कॉलेज तिरुचिरापल्ली से और फिर प्रेसीडेंसी कॉलेज मद्रास से की। बी.ए. और एम.ए - दोनों ही परीक्षाओं में उन्होंने काफ़ी ऊँचे अंक हासिल किए।

1. रामन् का जन्म कब हुआ ? ( )

B) 1885 B) 1887 C) 1886 D) 1988

2. इनके पिता कहाँ गणित और भौतिकी के शिक्षक थे ? ( )

B) तमिलनाडु B) तिरुचिरापल्ली C) विशाखपत्तनम् D) तिरुपति

3. किन दो विषयों के ज्ञान ने उन्हें जगत प्रसिद्ध बनाया ? ( )

B) गणित और भौतिकी B) गणित और सांख्यकी C) अंग्रेजी और भौतिकी D) हिन्दी और भौतिकी

4. उनकी सशक्त नींव किसने की थी ? ( )

4. माता B) भाई C) पत्नि D) पिता

5. यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है ? ( )

B) दुःख का अधिकार B) तुम कब जाओगे अतिथि C) दोहे D) वैज्ञानिक चेतना के वाहक चंद्रशेखर वेंकटरामन्

## भाग-3

**III.** सूचना के अनुसार निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **2 x 4= 8**

17. जोड़ी बनाइए।

| | | |
|---|---|---|
| A) दिनकर | अकबर | ( ) |
| B) अरुण कमल | इलाहाबाद | ( ) |
| C) हरिवंशराय बच्चन | 1954 | ( ) |
| D) रहीम | उर्वशी | ( ) |

**18.** निम्न जानकारी पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

यशपाल का जन्म फिरोजपुर छावनी में सन् 1903 में हुआ। इन्होंने आरंभिक शिक्षा स्थानीय स्कूल में और उच्च शिक्षा लाहौर में पाई। यशपाल विद्यार्थी काल से ही क्रांतिकारी गतिविधियों में जुट गए थे। अमर शहीद भगतसिंह आदि के साथ मिलकर इन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया।

E) यशपाल का जन्म ………………… में सन् 1903 में हुआ।

F) उनकी उच्च शिक्षा ………….. में पाई।

G) यशपाल विद्यार्थी काल से ही ……………………… में जुट गए थे।

H) ………………आदि के साथ मिलकर इन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया।

## भाग-4

**IV.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए। **8 x 3= 24**

19. रहीम ने सागर की अपेक्षा पंक जल को धन्य क्यों कहा है ?

20. नए बसते इलाके में कवि रास्ता क्यों भूल जाता है ?

21. मनुष्य के जीवन में पोशाक का क्या महत्व है ?

22. महादेव जी की लिखावट की क्या विशेषताएँ थीं?

**23. सरकारी नौकरी छोडने के पीछे रामन् की क्या भावना थी ?**

**24. गिलहरी के घायल बच्चे का उपचार किस प्रकार किया गया ?**

**25. कल्लू कुम्हार का नाम उनाकोटी से किस प्रकार जुड़ गया ?**

**26. लेखक को किताबें पढ़ने और सहेजने का शौक कैसे लगा ?**

## भाग-5

**V. निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**27. किसी एक प्रश्न का उत्तर 15 पंक्तियों में लिखिए।** **1 x 10= 10**

अ) 'अग्निपथ' कविता का मूल भाव अपने शब्दों में लिखिए?

(या)

आ) 'गीत-अगीत' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ?

**28. किसी एक प्रश्न का उत्तर 15 पंक्तियों में लिखिए।** **1 x 10= 10**

अ) 'एवरेस्टः मेरी शिखर यात्रा ' पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ?

(या)

आ) 'शुक्रतारे के समान ' पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ?

## भाग-6

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**29. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।** **1 x 8= 8**

अ) किसी पुस्तक विक्रेता के नाम अपनी आवश्यकता की पुस्तकों के लिए पत्र लिखिए ?

(या)

आ) ऐतिहासिक स्थान का वर्णन करते हुए मित्र के नाम पर पत्र लिखिए ?

**30. संकेत शब्दों के आधार पर निम्न दिये गए शब्दों में से सही शब्दों को चुनकर निबंध के रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।** **1 x 8= 8**

**अ) वैज्ञानिक आविष्कार - कंप्यूटर**

**(हानि, उपयोग, प्रोग्रामिंग, लाभ, आसान, मॉनिटर, संदेश, आधुनिक, निर्भर, पर्सनल, अद्वितीय, इलेक्ट्रानिक, उन्नति, कंप्यूटर, माउस, दुनिया )**

............ के आविष्कार ने आज हमारे जीवन को और ......... बना दिया है। इस ........... उपकरण का आज कई उद्देश्यों के लिए ........... किया जाता है, जैसे कि सूचना, .........., डेटा की प्रोसेसिंग, सॉफ्टवेयर, ............., गणना आदि कार्य। एक .............. कंप्यूटर में सीपीयू, यूपीएस, ............., कीबोर्ड और काम करने के लिए एक ............ होता है। लैपटॉप एक वहनीय कंप्यूटर का एक आधुनिक रूप है जिसमें सभी • घटक एक ही उपकरणों में जुड़े होते हैं।

आधुनिक ........... में कंप्यूटर एक ............. उपकरण है जो हर क्षेत्र में अपनी उपयोगिता बताता है। यह एक बहुमुखी .......... मशीन है, जो आधुनिक विश्व में ........ और .......... का मुख्य उपकरण है। कंप्यूटर में लाभ के

साथ-साथ ........... भी हैं। इसका लाभ और हानि पूरी तरह से हमारे उपयोग पर ........... करता है। भविष्य में ऐसा भी एक दिन आएगा जब मानव सभ्यता कंप्यूटर के बिना जीवित नहीं रह सकेंगे।

(या)

**आ) स्वच्छ भारत अभियान।**

**(बाकी, आज़ादी, मदद, आरंभ, अभियान, भारत सरकार , द्वारा, रखना, आदतों, मिलकर, देखेंगे, साकार, जिम्मदारी, नारा, क़दम, राष्ट्रीय)।**

महात्मा गांधीजी के दो सपने थे। ये हैं भारत की --------- और स्वच्छ भारत। उनमें से एक को हकीकत में बदलने में लोगों ने -----की। हालांकि, स्वच्छ भारत का दूसरा सपना अब भी पूरा होना ------- है। इसीलिए गाँधी के जन्मदिन 2 अक्तूबर 2014 को श्री नरेंद्र मोदी ने इस ------- का -------- किया।

इसका उददेश्य गलियों, सड़कों आदि को साफ़-सुधरा ------- है। यह हमारे विद्यालयों के .......... स्तर का अभियान है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत अभियान के --------- लोगों की स्वच्छता संबंधी ---------- को बेहतर बनाना और स्वच्छता सुविधाओं को --------- कराना है।

आशा है हम सब-------महात्मा गाँधी के स्वच्छ भारत के ----------- को साकार करेंगे। इस अभियान को सब देश-भक्ति की भावना के साथ ----------। एक भारतीय नागरिक होने की खातिर यह हमारी सामाजिक ---------- भी है।

एक ------ स्वच्छता की ओर। यही हमारा -------- है।

************

Click here to visit our website
www.hamari-hindi.com

Click here to visit our website
www.hamari-hindi.com

Click here to visit our website
www.hamari-hindi.com

SCAN THIS CODE